>

Title : Need to shut down the Cement Factory causing pollution in Jalgaon Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): आपके माध्यम से मैं मंत्री जी का ध्यान गंभीर एवं चिंताजनक विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि एक सीमेंट कारखाना मेरे संसदीय क्षेत्र जलगांव जिले के नसीराबाद में सन् 1998 से स्थापित है। इस कारखाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण से आसपास के गांवों एवं वहां पर रहने वाले आम लोगों को विशेषतः कृषकों के स्वास्थ्य पर प्राणघातक असर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। साथ-साथ वहां की उपजाऊ भूमि पर भी इसका प्रतिकूल असर हो रहा है। इस कारणवश भूमि की उर्वरता का लगातार हास हो रहा है और वहां के मशहूर केले के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे किसान काफी परेशान है। इस कारखाने के प्रदूषण से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, प्लेटलेट्स कम होना तथा शरीर काला पड़ना जैसी प्राणघातक बीमारियां हो रही हैं। कई लोग इन बीमारियों से पीड़ित हैं। आसपास के गांवों में रहने वाले किसानों का जीवन खतरे में पड़ गया है। इस कारखाने के प्रदूषण से हजारों हैक्टेयर जमीन प्रदूषणयुक्त हो गई है। इस कारण वहां के किसान बरबाद हो गए हैं। किसानों द्वारा कई बार शिकायत की गई और इस संबंध में ज्ञापन दिया गया लेकिन इस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मेरा मंत्री जी से आग्रह है कि इस संबंध में विशेष जांच कर तुंत इस कारखाने को बंद करें, जिससे की आम आदमी पर भविष्य में आने वाले समय में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।